तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार, 27 नवंबर 2024

12 भारत का संविधान हमारे देश की सोच को दर्शाता है



12 बाबा साहब के बनाए संविधान में सभी को सामान अधिकार





## खबर संक्षेप

### खेती कार्य करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम गबौद में खेत के पास बाइक खड़ी कर खेती कार्य करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नित्यानंद ठाकुर पिता कंशराम ठाकुर 39 साल निवासी गबौद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 23 नवम्बर को वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 9853 में अपने खेत ग्राम गबौद जंगल जाने के रास्ते में अपने खेत के पास अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर खेती कार्य करने अपनी खेत में गया। मोटर सायकल का हैण्डल लॉक नहीं किया था। लगभग 3 घण्टा के बाद वापस आकर देखा तो मोटर सायकल चोरी हो गई थी। आसपास पतासाजी के बाद भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### चिकित्सा अधिकारी की कार को पिकअप ने मारी ठोकर

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बकमा में चिकित्सा अधिकारी की कार को एक पिकअप ने ठोकर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, रामसागर भावा पटेवा निवासी डॉ. प्रेम चंद वर्तमान में शासकीय अस्पताल बागबाहरा में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। 24 नवम्बर को वे अपनी कार क्र. सीजी 04 एनजी 4847 से ग्राम बकमा स्टाफ नर्स जिनम बाघ को ड्यूटी के लिए लाने गए थे। शाम करीबन 07:30 बजे स्टाफ नर्स जिनम बाघ के घर के पास पहुंचकर अपनी कार को साईड में खड़ी कर कार का इंटीगेटर लाईट को चालूकर कार अंदर बैठकर डॉ. प्रेम चंद इंतजार कर रहा था उसी समय सामने से पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीजे 4792 का चालक अपनी पिकअप वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर कार को सामने से ठोकर मार दिया, ठोकर मारने से कार चबूतरा से टकराकर प्रवेश द्वार खंभा से टकराया, जिससे कार का सामने भाग, दोनों साईड एवं पीछे भाग बुरी तहत क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ 281बीएनएस के तहत अपराध कायम किया किया है।

### ट्रेडिंग के नाम पर पैसा लेकर नहीं किया वापस

**महासमुंद।** ट्रेडिंग के नाम से पैसा लेकर वापस नहीं करने के मामले में तुमगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रार्थी शिव कुमार चेलक पिता स्व. नारायण एम चेलक निवासी वार्ड क्रं. 09 विश्वकर्मा वार्ड नयापारा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह यादराम पिता खुशियाल साहू से बैंकिंग लेन-देन के नाम से पिछले दस वर्षो से जानता है। यादराम साहू ने एचडीएफसी बैंक से 10 लाख, यस बैंक से 10 लाख, पेसेंस बैंक से 5 लाख लोन शिव कुमार को दिलवाया। शिव कुमार को उस पैसे से घर बनवाना था। यादराम ने शिव कुमार को कहा कि चेलक ने बनाने के लिए पैसे रखे हैं उस पैसे को मुझे दे दो, मेरा भतीजा टुकेश कुमार साहू पिता झलक राम साहू शेयर ट्रेडिंग करता है। मेरा भतीजा तुमको प्रति माह घर बनाने के लिए आपको पैसा दे देगा और तुम्हारा लोन भी चुकता रहेगा। घर भी बन जायेगा और तुम्हारा मूलधन भी सुरक्षित रहेगा। उसकी बातों में आकर प्रार्थी शिव कुमार घर में रखे हुए दस लाख, लोन का पच्चीस लाख कुल 35 लाख दे दिया। इस तरह यादराम साहू व टुकेश साहू ने 35 लाख रुपए ले लिया। आरोपियों ने कुछ दिनों (माह) तक पैसे दिए और अब नहीं दे रहे हैं। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी याद राम साहू और टुकेश कुमार साहू के खिलाफ 34आइपीसी, 420 आइपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# सरटैक्स के नाम पर पीडीएस का चावल खपाने का खेल उजागर

## बसना-सरायपाली मिलर के यहां पकड़ा गया ट्रक भर चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना ब्लाक अंतर्गत एक राईस मिल में पीडीएस के चावल को खपाए जाने का बड़ा खेल सामने आया है। 17 नवम्बर दिन रविवार को बसना-सरायपाली मार्ग पर स्थित श्याम राईस मिल मे सरटैक्स के नाम पर सरायपाली के एचके मार्का वाली सैकड़ो बोरी चावल ट्रक क्रमांक सीजी 06 जेड 6503 से परिवहन कर श्याम राईस मिल में भण्डारण कर खपाने की सूचना पर बसना अनुविभागीय अधिकारी, तहसील व मण्डी की संयुक्त टीम ने तलाशी लेकर तत्संबंध में जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अब सवाल यह उठ रहे हैं कि सरायपाली में ही सरटैक्स की सुविधा होने के बावजूद ट्रक सरायपाली से 20 किलोमीटर दूर बसना क्यों भेजा गया? पीडीएस के मामले मे बिना अनुविभागीय अधिकारी अथवा कलेक्टर की जानकारी या आदेश-निर्देश के अभाव में किसके निर्देशन में इस कार्य को अंजाम दिया गया। रविवार अवकाश के दिन मण्डी निरीक्षक सनत साहू द्वारा तहसीलदार पाण्डे सरायपाली को संज्ञान में लेकर यह आदेश जारी करना प्रकाश में आया है, इसके सही पाए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।



### जवाब देने से बच रहे अफसर

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 06 जेड 6503 श्याम राईस मिलर संचालक राजेश उरफ़ राजू अग्रवाल का होना बताया जा रहा है। ऐसे मिलर बेरोकटोक शासन की नीति नियमों को ठेंगा दिखाकर शासन की राजस्व में डाका डाल रहे हैं, और विभागीय अधिकारी कार्यवाही के बजाय मिलरों को बचाने में दिलचस्पी ले रहे हैं? जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव से इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगे जाने पर इस गोल-मोल जवाब देते रहे।

## कलेक्टर ने विभागीय काम काज की समीक्षा के दौरान दिए दिशा-निर्देश

# धान खरीदी में बारदाने और टोकन की न हो समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की कलेक्टर दीपक सोनी ने समीक्षा की। कलेक्टर ने केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए धान खरीदी एवं नगरीय निकायों के निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में बारदाने और टोकन के लिए किसानों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने नगरीय निकायों में सीवरेज ट्रिंटमेंट प्लांट के लिए जगह का चिन्हांकन शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ नगरीय निकायों के निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाने पर कलेक्टर ने सभी सीएमओ के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बैठक में श्री सोनी ने पात्र हितग्राहियों को पीएम विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने के लिए नगरीय निकायों में कार्य योजना बनाकर शिविर लगाने के साथ ही पीएम आवास 2.0, पीएम स्वनिधि आदि योजनाओं से अधिक से अधिक लाभांवित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अधिकारी को पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत पंजीकृत युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण दिलाने निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने सहकार से समृद्धि, पीएम जीवन ज्योति योजना, चिराग योजना, जनदर्शन आदि के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उक्त बैठक मे सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, अभिषेक गुप्ता सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित थे।

# छात्रों ने संविधान का सम्मान और आदर की शपथ ली




**पलारी।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरा में संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारत के संविधान की जानकारी देते हुए संविधान के प्रति सम्मान एवं आदर हेतु शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत अमेठी के सचिव कमलेश साहू ने कहा कि भारतीय संविधान को अपनाने की याद दिलाता है, जिसने भारत की लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और संप्रभु पहचान की नींव रखी। संविधान दिवस लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करता है। सक्रिय नागरिक भागीदारी और जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करता है। यह सभी नागरिकों के लिए एक प्रगतिशील, समावेशी और समतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। प्रधान पाठक पुरुषोत्तम यादव शिक्षक दिलीप साहू, केश राम ध्रुव संजना यादव, नंदनी ध्रुव, हेमलता, पुन्नी बाई, सत्या ध्रुव, मिलापा ध्रुव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### संविधान दिवस पर इंजीनियर सुरेश सम्मानित



खरोरा। भारतीय संविधान का स्थापना दिवस 26 नवंबर के दिन 'बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर' को याद करते हुए धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर भारतीय समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं सम्मान समारोह 2024 का आयोजन 'गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन, गुरु घासीदास कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर किया गया। इसमें लाईफ टाईम अचिव्हमेंट अवार्ड 2024 की मानद् उपाधि से इंजीनियर सुरेश कुमार बंजारे को सम्मानित किया गया।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली आग से बचाव एवं रोकथाम की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट रावन से आएं फायर फाइटर द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में फायर डेमा देकर जागरूक किया गया।

सभी प्रकार के आग के प्रकार एवं कौन से आग में कौन सा अग्निशमन यंत्र प्रयोग में लाना है, इसके बारे में विस्तार से बताया गया। अग्निशमन यंत्र का कैसे प्रयोग करना है, इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण में राजस्व विभाग, पुलिस, जिला पंचायत, सांख्यिकी, वित्त शाखा सहित अन्य विभिन्न जिला कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। उक्त प्रशिक्षण फायर ऑफिसर बृजेश दुबे एवं रूपेंद्र पटनायक द्वारा प्रदान किया गया।

# कांग्रेस ने मनाया संविधान दिवस



**बलौदाबाजार।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार शहर व ग्रामीण द्वारा संविधान दिवस पर अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर ने कहा कि कि संविधान के प्रति जागरूकता और उसमें निहित अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करना हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने समाज में समानता, न्याय और स्वतंत्रता के विचार को मजबूत करने का संकल्प लिया। संविधान दिवस पर यह आयोजन न केवल अतीत की महान उपलब्धियों को याद करने का अवसर है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति समर्पण को दोहराने का भी दिन है। उक्त अवसर पर प्रभाकर मिश्रा धर्मेंद्र वर्मा, मनोज प्रजापति, अभिषेक पटेल, नीलेश बंजारे उपस्थित थे।

# न्यायालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का हुआ सामूहिक वाचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संविधान दिवस पर प्लॉन ऑफ एक्शन के तहत जिला न्यायालय परिसर के सभागार कक्ष में जिला न्यायाधीश राकेश बिहारी घोरे के मागदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश कुमार वर्मा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने की। कार्यक्रम में राकेश कुमार वर्मा द्वारा संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। इस अवसर पर संजया रात्रे द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, अजय कुमार खाखा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायाधीश मंजूलता सिन्हा, सारिका नंदे, दीक्षा देशलहरे एवं माला यादव, पूजा चंद्रा के अलावा कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सारिक खॉन, थानेश्वर वर्मा, दिनेश तिवारी, सुश्री दीपा सोनी एवं अन्य अधिवक्तागण, शासकीय दाउ कल्याण विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी, पैरालीगल वॉलिटियर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव गिर्जेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# लोकहित के लिए राजस्व अधिकारी कार्य करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शासन की योजना के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और राजस्व कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को महत्वपूर्ण और संवेदनशील बताते हुए अधिकारियों को पूरी गंभीरता और प्राथमिकता से काम को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूलभूत कार्य को गंभीरता से पूर्ण करें। लोकहित और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनके कार्य समय सीमा में निपटाएं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे (आईएएस), अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू, हरिशंकर पैकरा, सृष्टि चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

कलेक्टर लंगेह ने समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी शासन के कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें। ताकि, इसका लाभ लक्षित वर्गों को मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप राजस्व विभाग के योजनाओं का क्रियान्वयन कर लक्ष्य समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं से पात्र लाभान्वित हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, वन अधिकार पत्र, भू-अर्जन, राजस्व वसूली सहित आम ग्रामीणों से जुड़े राजस्व प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली और शेष प्रकरणों को समय सीमा में समाधान के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने निराकृत राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण राजस्व विभाग द्वारा कर लिया गया है। ऐसे प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करें। सभी तहसीलों में मॉडल रिकॉर्ड रूम भी बनवाएं। ताकि, रिकॉर्ड को बेहतर तरीके से रखा जा सके। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों को भी समय सीमा में पूर्ण करें। राजस्व विभाग के लोक सेवा गारंटी योजना के तहत जिन हितग्राहियों ने किसी कार्य के लिए आवेदन किए है, ऐसे आवेदनों या प्रकरणों को निर्धारित समय पर निराकृत करें। राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने विवादित एवं अविवादित नामांतरण, बंटाकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, सीमांकन आदि की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को आबकारी और खनिज विभाग के साथ मिलकर अवैध शराब बिक्री तथा खनिज के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अनुविभागीय अधिकारियों को संज्ञान में लाते हुए कार्रवाई करें और उनसे मदद लें। कलेक्टर ने वर्तमान में चल रहे धान खरीदी की भी समीक्षा की और उपार्जन केन्द्रों में आने वाले समस्याओं का तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट अंतर्गत खेती करने वाले किसानों को केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य की ही राशि मिलेगी। इसके लिए किसानों के बीच किसी तरह की भ्रम की स्थिति न रहें। बैठक में अन्य राजस्व प्रकरणों की भी व्यापक समीक्षा की गई।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### जिले में अब तक 64109 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत रायपुर जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 139 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 15,578 किसानों से 64109 टन धान खरीदा गया। इस खरीदी में अब तक 147 करोड़ 61 लाख रूपए राशि की धान खरीदी गई। उल्लेखनीय है कि जिले में धान की खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में सहायता मिल रही है। किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस बार की खरीदी प्रक्रिया में किसानों का विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं




**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन में सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 43 आवेदन आए है। कलेक्टर ने इन आवेदनों के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे भी उपस्थित थे।

### प्रोफेसर मारोठिया फिर से बने आईएसएई के अध्यक्ष

**रायपुर।** कृषि और प्राकृतिक संसाधन अर्थशास्त्र के एक प्रमुख विशेषज्ञ प्रोफेसर दिनेश मारोठिया को इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स (आईएसएई) का निर्विरोध अध्यक्ष दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः चुना गया है। आईएसएई एक प्रतिष्ठित संगठन है, जिसकी स्थापना 1939 में की गई थी। चुनाव हाल ही में संपन्न 84वें आईएसएई वार्षिक सम्मेलन में हुआ, जो पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कराईकल पुडुचेरी में आयोजित हुआ था। वे अपने पहले कार्यकाल के दौरान प्रोफेसर मारोठिया ने महत्वपूर्ण सुधार लागू किए, जिनसे आईएसएई की पत्रिका की गुणवत्ता में सुधार हुआ, वैश्विक प्रकाशनों के अवसर बने, जीवन सदस्यता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी को बढ़ावा मिला। उनके नेतृत्व में आईएसएई ने वित्तीय घाटे से उबरकर वित्तीय स्थिति को लाभ में बदला।

### खंबों पर नहीं लगाई स्ट्रीट लाइट, विधायक से की शिकायत



**रायपुर।** स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के रहवासियों ने संयुक्त हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही सोमवार को विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात की और अपनी समसयाओं से अवगत कराया। इसी दौरान उन्होंने बताया कि जोरा के कैनाल रोड पर एक दुर्गा मंदिर से लेकर दूसरे दुर्गा मंदिर चौक साहूपारा से होते हुए नवनिर्मित बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक अनेक बिजली के खंबों पर आज तक नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है. विधायक ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित जोन कमिश्नर को प्रभावित क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कॉल किया। साथ ही लिखित में भी समुचित दिशा-निर्देश दिए।

# महिला से धोखेबाजी, कार हथिया ली और मकान की पॉवर ऑफ अटार्नी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

खमतराई थाने में एक व्यक्ति ने अपने वकील के खिलाफ जमानत दिलाने का झांसा देकर उसकी पत्नी से कार अपने नाम ट्रांसफर कराने सहित मकान की पॉवर ऑफ अटार्नी लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में शिकायत दर्ज कराने वाला प्रार्थी ठगी के आरोप में पूर्व में जेल में बंद था। इस दौरान वकील ने आरोपी की पत्नी को झांसे में लेकर ठगी का शिकार बनाया।

पुलिस के मुताबिक अनिल कुमार वर्मा की शिकायत पर वकील मोहम्मद सुल्तान अहमद निजामी तथा आरटीओ एजेंट मोहम्मद परवेज के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 तथा 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। अनिल ने पुलिस को बताया है कि निजामी ने कूटरचित फर्जी हस्ताक्षर कराकर उसकी कार एमजी हेक्टर अपने नाम कराने के साथ मकान बिक्री करने पॉवर ऑफ अटार्नी हासिल की है।

## जमानत दिलाने का झांसा देकर वकील ने महिला से दस्तावेजों में हस्ताक्षर कराया

### वकील ने परेशान महिला को झांसे में लिया

अनिल ने पुलिस को बताया है कि दोनों पति पत्नी जेल में बंद थे। इस दौरान उसकी पत्नी को किसी अन्य वकील के माध्यम से जमानत मिली। जमानत मिलने के बाद महिला अपने पति को जेल से छुड़ाने कोर्ट पहुंची। न्यायलयीन प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने की वजह से अनिल की पत्नी परेशान थी। इस दौरान महिला की मुलाकात निजामी से हुई। निजामी ने महिला को उसके पति को जेल से छुड़ाने का झांसा दिया और विभिन्न दस्तावेजों में उसके हस्ताक्षर कराकर वकील ने दस्तावेज अपने पास रख लिया।




*साक्ष्य का परीक्षण करने के बाद गिरफ्तारी : अनिल वर्मा की शिकायत पर वकील के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों के बयान लेने तथा प्रार्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्य का परीक्षण करने के बाद जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। - **एसएन सिंह**, टीआई खमतराई*

### कार की बकाया लोन की राशि जमा कराया

महिला ने पुलिस को बताया है कि निजामी ने धोखे से कार अपने नाम ट्रांसफर कराने जिन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए थे, इस संबंध में निजामी ने महिला से कार का बकाया लोन के संबंध में जानकारी हासिल की। लोन की बकाया राशि के बारे में जानकारी देने पर निजामी महिला को अपने साथ एचडीएफसी बैंक लेकर गया और महिला को उसकी कार का लोन सेटलमेंट कराने का झांसा दिया तथा कार के बकाया 14 लाख रुपए में से आठ लाख रुपए लोन का जमा कराया।

### ठगी का ऐसे हुआ भंडाफोड़

अनिल ने पुलिस को बताया है कि हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर वह अपनी पत्नी के साथ निजामी से मिलने जाता था। इस दौरान अनिल ने जमानत संबंधित दस्तावेज की निजामी से मांग की। दस्तावेज मांगे जाने पर निजामी अनिल तथा उसकी पत्नी के साथ टाल मटोल करने लगा। दबाव बनाने पर निजामी ने एक कागज अनिल को दिया। इस पर अनिल वह कागज एक अन्य वकील के पास लेकर गया, तो उस वकील ने उक्त कागज को किसी को मकान बेचने पॉवर ऑफ अटार्नी देने के जानकारी दी, तब अनिल को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। साथ ही अनिल को निजामी द्वारा अपना मकान किसी राजेश रेलवानी के माध्यम से किसी अन्य को बेचे जाने की जानकारी मिली।

## सुबह 7 बजे पूरा हुआ काम, 5 पानी टंकियां रहीं सूखी

# उद्योग भवन के पास फूटी मेनराइजिंग लाइन मरम्मत के लिए रातभर डटी रही निगम की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के उद्योग भवन के पास रविवार को क्षतिग्रस्त हुई मेन राइजिंग लाइन की मरम्मत का काम सोमवार सुबह पूरा हुआ। रातभर पाइप लाइन मरम्मत कार्य में 15 सदस्यीय टीम डटी रही। सोमवार सुबह मरम्मत का काम पूरा होने के बाद 5 प्रभावित पानी टंकियों को भरने काम शुरू हुआ। पाइप लाइन मरम्मत के कारण श्यामनगर, खमतराई, राजेंद्रनगर, शंकरनगर, तेलीबांधा की पानी टंकी सोमवार सुबह भी सूखी रही। इससे राजधानी के 1 लाख लोगों तक पीने का पानी नहीं पहुंच पाया। प्रभावित इलाके के रहवासी पानी टैंकर भिजवाने जोन दफ्तर और वार्ड पार्षद के पास फोन लगाते रहे। शहरभर के अलग-अलग इलाकों के 65 जगहों से पानी टैंकर की मांग जल विभाग से पास की गई। इसमें से 45 जगहों पर टैंकर दोपहर तक पहुंचा, बाकी के 20 जगहों पर दोपहर बाद टैंकर भेजकर पेयजल आपूर्ति कराई गई।

## सोमवार सुबह 1 लाख लोगों तक नहीं पहुंचा पानी

- पानी टैंकर के लिए जोन दफ्तर, पार्षद के पास घनघनाते रहे फोन
- श्यामनगर, खमतराई, राजेंद्र नगर, शंकरनगर, तेलीबांधा पानी टंकी प्रभावित





*मंगलवार को सुबह नियमित जल आपूर्ति : उद्योग भवन के पास मेनराइजिंग लाइन डेमेज हुई थी। यह लाइन फिल्टर प्लांट के 80 एमएलडी प्लांट से जुड़ी है। 5 पानी टंकियां इससे प्रभावित रही। पाइप लाइन मरम्मत के लिए 15 सदस्यीय टीम को उतारा गया। सोमवार की सुबह पाइप लाइन मरम्मत पूरी होने के बाद संबंधित पानी टंकियों को भरा गया है। शाम के समय जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रही, मंगलवार की सुबह नियमित जल आपूर्ति होने लगेगी। - **नरसिंग फरेंद्र**, कार्यपालन अभियंता जल, नगर निगम रायपुर*

### छोकरानाला के पास लीकेज सुधारने पहुंची प्लांट की टीम


नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित जोरा की पानी टंकी से 3 दिनों तक जल आपूर्ति ठप रहने की शिकायत के बाद फिल्टर प्लांट की टीम सोमवार को छोकरानाला के पास पाइप लाइन का बड़ा लीकेज सुधारने पहुंची। लीकेज मरम्मत का काम कराया जा रहा है। मरम्मत पूरी होने के बाद जोरा सहित आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से होने लगेगी।

### इन इलाकों में नहीं आया पानी, टैंकर की रही डिमांड

शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित टैगोर नगर, आरएमएस कालोनी, एमआर कालोनी, स्टेट बैंक कालोनी बैरनबाजार, विवेकानंद नगर में तीसरे दिन भी पानी की समस्या से लोग परेशान रहे। भाठागांव स्थित जोन 6 दफ्तर और वार्ड पार्षद निशा-देवेंद्र यादव के पास फोन कर लोगों ने इसकी शिकायत की। वार्ड पार्षद ने बताया कि बैरनबाजार और राजेंद्र नगर पानी टंकी से इन इलाकों में पेयजल आपूर्ति होती है, पर तीन दिन से पानी आपूर्ति प्रभावित होने से लोग त्रस्त रहे। सोमवार की सुबह 15 से 20 जगहों पर पानी टैंकर भेजकर लोगों तक पानी पहुंचाया गया। नगर निगम जोन 1 वीर शिवाजी वार्ड स्थित सन्यासी पारा, साहूपारा, ब्रम्हदेईपारा, शिवानंद नगर, खमतराई, सतनामी पारा में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहने से लोगों परेशान रहे। लोगों की शिकायत के बाद भी रविवार शाम तक प्रभावित इलाकों में टैंकर की व्यवस्था नहीं हो पाई। सोमवार सुबह इन इलाकों में टैंकर भेजा गया। जोन 10 क्षेत्र के लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड पार्षद व जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने पानी टैंकर की मांग की। मदर टेरेसा वार्ड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, सिविल लाइन वार्ड से जल विभाग के पास पानी टैंकर की मांग की गई।

# कैशलेस हास्पिटल में उत्सव की तरह मनाया गया श्री सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सात छोटे बच्चों की सर्जरी, अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रम

नवा रायपुर स्थित कैशलेस हास्पिटल में श्री सत्य साईं बाबा का 99वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर की आकर्षक साज-सज्जा के साथ विभिन्न आयोजन किया गया। जन्मदिवस के अवसर पर सात छोटे बच्चों की सर्जरी कर उन्हें नए जीवन का उपहार दिया गया।

इस अवसर पर श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल और सौभाग्यम को रोशनी, फूलों, गुब्बारों और बड़े आकार की रंगोलियों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5 बजे मेडिटेशन हॉल में ओंकारम और सुप्रभातम के बाद नगर संकीर्तनम के साथ हुआ। स्टाफ सदस्य और मरीज के परिचारक साईं बाबा के भजन गाते हुए अस्पताल परिसर में भ्रमण करते रहे। विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने श्री रामचरितमानस का पाठ किया। स्टाफ सदस्यों ने हवन में भाग लिया। इस दौरान आयोजित जीवन के विशेष उपहार कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने नारियल फोड़कर ग्राम सेवा हेतु वाहनों को संकेत दिया। श्रमिक बस्ती में 300 सदस्यों को भोजन प्रसाद एवं वस्त्र वितरित किये गये। रायपुर के भक्तों और उनके परिवारों और आसपास के गांवों के 3500 लोगों ने सौभाग्यम का दौरा किया और दोपहर के भोजन का प्रसाद ग्रहण किया। नर्सिंग छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। शाम के कार्यक्रम की शुरुआत भजन और सार्वभौमिक प्रार्थना से हुई। सौभाग्यम के चारों ओर मिट्टी के दीपक जलाए गए । शानदार लेजर शो और आतिशबाजी के साथ जन्मदिन समारोह का समापन किया गया।

# धान के अवैध भंडारण-बिक्री पर कार्रवाई, जिले में 19 प्रकरण में 442 क्विंटल धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में धान की अवैध बिक्री एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक 19 प्रकरण में कार्रवाई करते हुए 442.60 क्विंटल धान को जब्ती बनाया गया है। जिले में की गई कार्रवाई में सारागांव खरीदी केंद्र में वीरनारायण देवांगन, गणेश राम साहू, सौरभ ट्रेडर्स, नवापारा में अमित सोनी, पारागांव में संजय यादव, कुर्रा में हरिराम साहू, श्रीसांई ट्रेडर्स, श्रीमाता राजिम ट्रेडर्स, सेम्हरा में सेवक राम साहू, तर्री में तुलाराम किराना स्टोर्स, आरंग में भरत साहू, भोथली में बंधु जनरल स्टोर्स, गुल्लू में दिनेश ट्रेडर्स, तुलसी में सोनू अग्रवाल, तरपोंगी में उमेंद्र वर्मा, मोहंदा में राम कल्याण पटेल, सरारीडीह में रामनांद देवांगन, पलौद में रूपेंद्र साहू, सातपारा में जितेंद्र यादव पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### इस तरह के प्रकरणों में की गई कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि मंडी द्वारा ऐसे फुटकर व्यापारी जिनके द्वारा निर्धारित क्रय सीमा से अधिक मात्रा में धान क्रय कर भंडारित किया गया है। अवैध बिक्री उपार्जन में समर्थन मूल्य एवं बोनस सहित 3100 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ प्राप्त करने वालों के खिलाफ कृषि उपज मंडी अधिनियम के उल्लंघन पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा व्यापारियों द्वारा बिना अनुज्ञा पत्र बिना मंडी शुल्क कृषक कल्याण शुल्क जमा किये, परिवहन करते या विक्रय करते पाए जाने वालों पर भी कार्रवाई की गई है।

# पथकर विक्रेताओं ने निकाली पदयात्रा, निगम मुख्यालय के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छत्तीसगढ़ में 2014 के पथ विक्रेता कानून को लागू करने की मांग
- बिना जप्ती पत्र के निगम द्वारा सामान जप्त करने का विरोध

प्रदेश में पथ विक्रेता कानून 2014 लागू करने की मांग को लेकर शहर के पथ विक्रेताओं ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फुटकर कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हाकर्स फेडरेशन और पथ विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों सहित एनआईटी, आयुर्वेदिक कालेज, साइंस कालेज और जीई रोड के स्ट्रीट वेंडर्स ने अनुपम गार्डन से निगम मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली और निगम मुख्यालय के सामने नारेबाजी कर निगम प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं के प्रति आकर्षित कराया। साथ ही उपायुक्त विनोद पांडे और अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता से मुलाकात की। अधिकारियों ने पथ विक्रेताओं के व्यवस्थापन की उचित व्यवस्था करने और जल्द बैठक करने का भरोसा दिलाया है। शहर में ठेले, गुमटियों के उचित व्यवस्थापन की व्यवस्था किये बिना नगर निगम पथ विक्रेताओं के समान जप्ती करने और ठेला गुमटियों को हटाने को लेकर स्ट्रीट वेंडरों ने राजधानी में गांधी सदन के सामने प्रदर्शन किया। वे छत्तीसगढ़ में 2014 का पथ विक्रेता कानून लागू करने की मांग कर रहे थे। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हाकर्स फेडरेशन के अध्यक्ष गौतम बंदोपाध्याय ने कहा कि स्मार्ट सिटी बनाने का मास्टर प्लान सिर्फ कमीशन का खेल है। जिससे पूरा शहर प्रभावित है। जो मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है उसमें पथ विक्रेताओं के लिए कोई व्यवस्था नही है।

# 50 से कम सदस्य वाले बूथों में बनेगी एडहॉक कमेटी

## प्रदेश में छह हजार से ज्यादा बूथों में बनी कमेटियां, 25 हजार बूथ में होना है चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में 30 नवंबर तक बूथों में कमेटियों का चुनाव किया जा रहा है। पहले 20 और 21 नवंबर को मंडलों में कार्यशाला का आयोजन करके बूथ कमेटियों के गठन के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद 23 नवंबर से लगातार बूथों में चुनाव हो रहा है। अब तक छह हजार से ज्यादा बूथों में कमेटियों का गठन कर लिया गया है। प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक, जिन बूथों में 50 से कम सदस्य बने हैं, उनमें बूथ कमेटियां के स्थान पर एडहॉक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी बाद में जब सदस्य संख्या को 50 या इससे ज्यादा कर लेगी तो उन बूथों में बूथ कमेटियां बना दी जाएंगी।

सदस्यता अभियान में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारी संख्या में ऐसे बूथ हैं, जहां पर 50 से कम सदस्य बने हैं। इसको लेकर पार्टी ने फरमान जारी किया कि ऐसे बूथों में सदस्यता अभियान समाप्त




होने से पहले हर हाल में 50 सदस्य बना लिए जाए। वैसे तो अभी सदस्यता अभियान समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन इसके पहले बूथ कमेटियों का चुनाव प्रारंभ हो गया है। सदस्यता अभियान भी जहां 30 नवंबर तक चलेगा, वहीं बूथों में कमेटियों का चुनाव भी 30 नवंबर तक ही होना है। थोक में अब भी ऐसे बूथ हैं, जहां पर 50 से कम सदस्य बने हैं। ऐसे में दिल्ली में हुई राष्ट्रीय संगठन की बैठक में यह फैसला हुआ है कि जहां पर 50 से कम सदस्य हैं, वहीं पर एडहॉक कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके बाद इस कमेटी के सदस्यों को अपने बूथों में संख्या को 50 या इससे ज्यादा तक ले जाने का जिम्मा होगा।

### बूथों पर 30 तक होगा चुनाव

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव कराया जा रहा है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन दिल्ली में जो सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई, उसमें यह बात सामने आई है कि प्रदेश में सैकड़ों बूथ ऐसे हैं, जहां पर 50 से भी कम सदस्य बने हैं। ऐसे बूथों में बूथ कमेटियों का चुनाव ही नहीं हो सकेगा। भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं, जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। ऐसे बूथ छोड़कर ज्यादा संख्या वाले बूथों में हर हाल में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले 50 सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। जहां पर सदस्यता अभियान के बाद भी 50 सदस्य नहीं बन पाएंगे, उन बूथों में चुनाव नहीं, लेकिन वहां पर एडहॉक कमेटी बना देंगे, वही काम करेगी।

# अदालतों में जवाबदावा पेश करने वाले अफसर क्यों पेश नहीं हो रहे हैं महाधिवक्ता कार्यालय में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सरकार ने चेताया और दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

न्यायालयों में सरकार की ओर से जवाबदावा पेश करने की जिम्मेदारी जिन प्रभारी अधिकारी और नोडल अधिकारी की है, वे खुद महाधिवक्ता के समक्ष में पेश नहीं हो रहे हैं। यही नहीं, इन अधिकारियों की जगह दूसरे अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय में हाजिर हो रहे हैं। इस पूरे मामले सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। सरकार ने कहा है कि ऐसा करना भारतीय न्याय संहिता के विपरीत है। ऐसा कृत्य करने वाले अधिकारियों के खिलाफ



अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्त पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि राज्य शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि कतिपय विभाग में न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणो में जवाब दावा प्रस्तुत करने के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी, नोडल अधिकारी के स्थान पर संबंधित दस्तावेजों के साथ अन्य अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं। अब निर्देश दिया दया है कि न्यायालयों में प्रस्तुत होने वेला प्रकरणों में जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रकरण के प्रभारी अधिकारी ही महाधिवक्त कार्यालय में उपस्थित हों। इसके अलवा कतिपय विशेष प्रकरणों में प्रशासकीय विभाग में नियुक्त नोडल अधिकारी स्वयं प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य संपादित कर सकेंगे।

## राज्य में 16 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का किया गया था गठन

# ओबीसी कल्याण आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल 2 साल के लिए बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के साथ अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष के लिए बढ़ गया है। इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है। यह आदेश 21 नवंबर को आदिम जाति, अनूसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने जारी किया है।




उल्लेखनीय है कि राज्य में 16 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग का गठन त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के चुनाव के पूर्व प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण तय करने के लिए किया गया है। आयोग का गठन 3 महीने के लिए किया गया था। इसमें अध्यक्ष के अलावा सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। आयोग ने ओबीसी वर्ग का आरक्षण तय करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में ओबीसी वर्ग की शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के आंकड़ों की रिपोर्ट तैयार कराई है।

रिपोर्ट तैयार करने के बाद आयोग का कार्यकाल भी खत्म हो गया था, लेकिन अब आयोग का कार्यकाल 2 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इसी के साथ आयोग के अध्यक्ष सहित सदस्यों का कार्यकाल भी दो वर्ष के लिए बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप

### विधायक सोनी ने विस में जमा किए निर्वाचन प्रमाणपत्र



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में नवनिर्वाचित सदस्य सुनील कुमार सोनी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में विधानसभा संबंधी कार्यों के लिए आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति की एवं विधानसभा भवन स्थित शाखाओं द्वारा सम्पादित कार्यों तथा सदस्यों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की पूरी जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्वाचन प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किये। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा द्वारा श्री सोनी का पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

### एमआईसी सदस्य ने किया मितानिनों का सम्मान



**रायपुर।** मितानिन दिवस के अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने मितानिनों का तिलक लगाकर स्वागत किया। और उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित किया। मितानिनों का हौसला बढ़ाने राजधानी के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर मितानिन दीदी का सम्मान करते हुए वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम के क्रियान्वयन में मितानिन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस मौके पर सावित्री साहू मीरा साहू लता गौतम राजेश्वरी सोरठे कृष्ण राव सोफिया, सलित बरमे प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

### डॉ. सोनी डी-लिट की उपाधि से सम्मानित

**रायपुर।** नगर निगम के सेवानिवृत्त अपर आयुक्त डॉ. जेआर सोनी को देशबड विश्वविद्यालय जाम्बिया अफ्रीका से मानद डी-लिट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। बाबा गुरु घासीदासजी के जीवन दर्शन पर आधारित ग्रंथ सतनाम रहस्य एवं वैश्विक सतनाम धर्म का स्वरूप तथा दर्शन ग्रंथ पर डी-लिट की उपाधि प्रदान की गई है। सितंबर माह में छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर द्वारा स्व. हरि ठाकुर सम्मान से भी उन्हें सम्मानित किया गया। श्री सोनी को उपाधि मिलने पर गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खंडे, सुंदरलाल जोगी, डीएस पात्रे, खेदूराम बंजारे, चेतन चंदेल आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### टाउनशिप में बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहत मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 25 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### हाउस लीज समिति की हुई बैठक

**भिलाई।** स्थाई बसाहट के लिए जारी आंदोलन हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की साप्ताहिक बैठक सेक्टर 2 में संपन्न हुई बैठक में पदाधिकारी ने बताया कि जन दर्शन के माध्यम से कलेक्टर से मिलकर पुनः 29 जुलाई के स्मरण पत्र सौंपकर जानकारी दी की पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर आज तक प्रबंधन ने कार्यवाही नहीं की । पीपी एक्ट के दुरुपयोग और पक्षपातपूर्ण कार्यवाही पूर्व कार्मिकों के खिलाफ निरंतर जारी है। समिति के संयोजक राजेंद्र परगनिहा के खिलाफ तोड़फोड़-बेदखली कार्यवाही पर उपस्थित सदस्यों ने विरोध किया । प्रवर्तन विभाग की मनमानियों पर शांतिपूर्ण आंदोलन को हर स्तर पर पहुंचने का संकल्प लिया। सभी ने कहा की मात्र प्रबंधन ने गैर जिम्मेदाराना तथा गैर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना ही प्रबंधन को तकलीफ देय लगता है ।

# मात्र 3400 विद्यालयों में होगा 'सरप्राइज टेस्ट' लेकिन मॉक टेस्ट प्रदेशभर में, क्योंकि केंद्र ने नहीं बताए स्कूलों के नाम

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर


प्रदेशभर के निजी और सरकारी विद्यालयों में इन दिनों मॉक टेस्ट का दौर चल रहा है। ये मॉक टेस्ट किसी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए नहीं, बल्कि केंद्र द्वारा जारी की जाने वाली रैंकिंग में छग को अच्छे अंक दिलाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। दरअसल केंद्र सरकार द्वारा कुछ वर्षों के अंतराल में 'परख' नामक परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

- **सभी राज्यों में होगी यह परीक्षा, पिछली बार छग को मिला था 32वां स्थान**

## इस परीक्षा के आधार पर तय होगा नेशनल अचीवमेंट सर्वे में स्थान

### मिला था सबसे निचला पायदान

सर्वप्रथम नेशनल अचीवमेंट सर्वे 2012 में किया गया था। उस वक्त प्रदेश को 36वां स्थान मिला था। यह सबसे अंतिम पायदान था। इसके बाद प्रदेश में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया गया। इसके कारण बच्चों के प्रदर्शन में थोड़ा सुधार हुआ था। कुछ वर्षों बाद हुए सर्वे में छग को 17वां स्थान मिला। कोविड के बाद पुनः नेशनल अचीवमेंट सर्वे कराया गया। इसमें प्रदेश को 32वां स्थान मिला। अब एक बार फिर से परीक्षा होने जा रही है। इसमें बेहतर रैंक के लिए ही समग्र शिक्षा विभाग द्वारा मशक्कत की जा रही है। पहला मॉक टेस्ट 18 नंवबर को और दूसरा मॉक टेस्ट 25 नवंबर को लिया गया। अंतिम मॉक टेस्ट 29 नवंबर को होगा।



### केंद्र देगा ओएमआर शीट, आएंगे निरीक्षक

निजी स्कूलों को भी यह मॉक टेस्ट आयोजित करने कहा गया है। फिलहाल ब्लैकबोर्ड पर छात्रों को ओएमआर शीट बनाकर समझाया जा रहा है कि उन्हें किस तरह से इसे भरना है। मुख्य परीक्षा के दिन केंद्र द्वारा ओएमआर शीट दी जाएगी। छात्रों से बहुवैकल्पिक सवाल पूछे जाएंगे। किसी तरह की निगेटिव मार्किंग इसमें नहीं होगी। तीसरी, छठवीं और नवमी के विद्यार्थियों को इस परीक्षा में शामिल किया जाएगा। जिन स्कूल के विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल किया जाएगा, उनके नाम 24 से 48 घंट पहले ही बताए जाएंगे। निरीक्षण के लिए केंद्र से टीम आएगी।

यह परीक्षा पूरे देश के स्कूलों में आयोजित होती है। इसमें छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर राज्यों को रैंक दिया जाता है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे के अंतर्गत ये रैंक जारी होते हैं। इस बार यह परीक्षा 4 दिसंबर को होगी।

केंद्र सरकार राज्य के सभी स्कूलों में ये परीक्षाएं नहीं करवाता, बल्कि विभिन्न आधार पर विद्यालयों का चयन उनके द्वारा किया जाता है।अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इस बार प्रदेश के 52 हजार स्कूलों में से मात्र 3 हजार 400 विद्यालयों में ही ये परीक्षा केंद्र द्वारा ली जाएगी, लेकिन प्रदेश के सभी स्कूलों में इसका आयोजन किया जा रहा है ताकि छत्तीसगढ़ की स्थिति सुधर सके और अच्छा रैंक मिले।

## एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, श्रीकुमार मेनन, सुरेश चन्नावार, रितेश त्रिपाठी ने उठाई बात

# एमआईसी में उठा जमीन का मुद्दा, मच्छर और अमृत के अधूरे काम पर भी सवालों की बौछार

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

गांधी सदन में सोमवार को नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें 17 एजेंडों पर एमआईसी से चर्चा के बाद मुहर लगी। बैठक में अमलीडीह क्षेत्र में शासन प्रशासन की ओर से एक बिल्डर के ग्रुप को दी जा रही 9 एकड़ जमीन का मुद्दा जोर-शोर से उठा। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, सुरेश चन्नावार, रितेश त्रिपाठी ने निजी बिल्डर को 9 एकड़ जमीन देने का विरोध किया। एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार ने बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए सवाल किया, जिस जमीन को अमलीडीह के रहवासियों की मांग पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा के कार्यकाल में स्कूल कालेज एवं खेल मैदान निर्माण के लिए प्रस्तावित किया गया, उसे दरकिनार कर यह जमीन बिल्डर को कैसे दी जा रही है?

एमआईसी की बैठक में अमलीडीह क्षेत्र की 9 एकड़ जमीन बिल्डर को आवंटित किए जाने को लेकर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार ने सवाल किया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र की ऐसी जमीन जो स्कूल, कालेज व खेल मैदान के लिए प्रस्तावित थी, उसे जनहित से जुड़े निर्माण कार्य को किनारे लगाकर निजी बिल्डर को कैसे दिया जा रहा है। क्या इसके लिए नगर निगम ने एनओसी दी है? सूत्रों के मुताबिक निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने सवाल के जवाब में कहा, जमीन आवंटन से जुड़े ऐसे किसी कार्य में नगर निगम की कोई भूमिका नहीं है, एनओसी हमारी तरफ से नहीं दी गई है।



### मच्छर उन्मूलन के पॉयलट प्रोजेक्ट पर उठा सवाल

मच्छर उन्मूलन के लिए नगर निगम द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत निजी एजेंसी को दिए गए ठेका को लेकर एमआईसी सदस्यों ने महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त के समक्ष सवाल उठाए। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव ने इस बात पर आपत्ति जताई कि बिना एमआईसी में प्रस्ताव लाए शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन का ठेका किस आधार पर दिया गया? पायलट प्रोजेक्ट का काम शहर के केवल कुछ वार्डों में ट्रायल बतौर सदस्यों से चर्चा के बाद होना था, पर ऐसा न करके 70 वार्ड में एक साथ यह प्रोजेक्ट कैसे लाया गया। मच्छर उन्मूलन के लिए निजी एजेंसी द्वारा कराए जा रहे एंटी लार्वा छिड़काव और फागिंग की गुणवत्ता से विभाग अध्यक्ष संतुष्ट नहीं दिखे। सूत्रों के मुताबिक सदस्यों के ऐतराज के बाद महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त ने अनुबंधित एजेंसी का ठेका रद्द करने की अनुशंसा की है।

### बैठक में ये रहे शामिल

बैठक में एमआईसी सदस्य नागभूषण राव, श्रीकुमार मेनन, अंजनि विभार, सतनाम पनाग, समीर अख्तर, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, आकाश तिवारी, द्रोपती पटेल, निगम सचिव विनोद पांडेय, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, कृष्णा खटिक सहित सभी जोन कमिश्नर और विभाग प्रभारी मौजूद रहे।

### इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

- तेलीबांधा तालाब में निर्मित 1.5 एमएलडी एसटीपी के अपग्रेडेशन 2 एमएलडी में करने और 10 वर्ष तक इसके रखरखाव व संचालन संधारण के लिए प्राप्त निविदा दर स्वीकृति
- 15वें वित्त आयोग के जल घटक अंतर्गत बघवा तालाब सौंदर्यीकरण और पहाड़ी तालाब सौंदर्यीकरण कार्यों की पुष्टि
- निराश्रित पेंशन योजना के 185 पात्र एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 18 पात्र नए आवेदन की स्वीकृति
- पीएस सिटी कालोनी के पहुंच मार्ग के आसपास के निजी बसाहट क्षेत्र का नामकरण सैनिक नगर होगा
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय मुरलीधर राठौर के नाम से कैलाशपुरी ढाल हनुमान मंदिर से शीतला मंदिर होते हुए नीलकंठेश्वर मंदिर मार्ग का नामकरण किए जाने की अनुशंसा कर सामान्य सभा में रखने निर्देश

# आचार संहिता समाप्त होते ही जिले में 70 प्लस के सीनियर सिटीजन का कार्ड बनना शुरू

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर



बिना राशनकार्ड के 70 साल से अधिक आयु वाले सीनियर सिटीजन को पांच लाख रुपए तक निशुल्क उपचार का लाभ मिलेगा। आचार संहिता समाप्त होते ही रायपुर जिले में इसकी शुरुआत कर दी गई है। रायपुर जिले के 80850 लोगों को नया कार्ड के लिए चिन्हित किया गया है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेल्थ और च्वाइस सेंटर में बनाया जाएगा।

- **पांच लाख का निशुल्क इलाज का लाभ लेने वय वंदन कार्ड जरूरी**

अभी राशनकार्ड के आधार पर हितग्राहियों को पचास हजार एवं पांच लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। इस नई योजना के तहत 70 साल और उससे अधिक आयु वाले प्रत्येक नागरिक को पांच लाख रुपए तक की निशुल्क उपचार सुविधा आयुष्मान वय वंदना कार्ड से प्राप्त होगी। इस कार्ड को बनाने के लिए राशनकार्ड की आवश्यकता भी नहीं है। रायपुर जिले में इस पर काम शुरू कर दिया गया है। केवाईसी कराने पर बुजुर्गों का अलग आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जायेगा। इस कार्ड से वे किसी भी सरकारी व पंजीकृत निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का इलाज करा सकेंगे। 70 प्लस आयु वर्ग के लोग अपने आधार कार्ड से ऑन लाईन या अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या किसी च्वाइस सेन्टर पर पहुंचकर ऑनलाईन कार्ड बनवा सकेंगे।

नियम के मुताबिक पांच लाख तक के उपचार की सुविधा सिर्फ कार्डधारी सीनियर सिटीजन को प्राप्त होगा इसका लाभ परिवार वालों को नहीं मिल सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक इस आयुवर्ग के जो लोग निशक्त है उन्हें योजना का लाभ देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आने वाले दिनों में शिविर भी लगाया जाएगा।

# चैंबर भवन में आयकर कार्यशाला अग्रिम कर की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स की ओर से सोमवार को राजधानी के बांबे मार्केट स्थित चैंबर के सभागार में आयकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को एडवांस टैक्स के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में आयकर नियमों में परिवर्तन, विवाद से विश्वास स्कीम 2024 के बारे में बताया गया।

- **मुख्य आयकर आयुक्त अर्पणा करण मुख्य अतिथि**

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने संयुक्त रूप से बताया, व्यापारियों को आयकर नियमों में परिवर्तन से अवगत कराने एडवांस टैक्स के संबंध में विस्तार से जानकारी देने कार्यशाला का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण, विशिष्ट अतिथि- प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप एस. हेड़ाऊ, संयुक्त आयकर आयुक्त बीरेन्द्र कुमार एवं आयकर अधिकारी जितेन्द्र कुमार, राहुल पटेल, अमरेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने अपने उदबोधन में कहा कि व्यापारीगण बहुत ही जागरूक हैं एवं शासन के राजस्व को बढ़ाने में इनकी बहुत बड़ी भूमिका है। व्यापारी वर्ग छत्तीसगढ़ को देश का नंबर-1 राज्य के रूप में देखना चाहते हैं, तो आयकर का भुगतान पूरी ईमानदारी से करें, जिससे कि प्रदेश एवं देश का विकास हो। यदि आयकर संबंधी कोई भी समस्या हो या सुझाव हो, तो आयकर कार्यालय में लिखित में देकर अपनी शंका का समाधान कर सकते हैं। प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप हेड़ाऊ कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 7500 अपील लंबित हैं। पिछली स्कीम 2020 में इस स्कीम को अच्छा प्रतिसाद मिला था, इसलिए सभी इस स्कीम का लाभ उठायें। संयुक्त आयकर आयुक्त बीरेन्द्र कुमार जी ने विवाद एवं विश्वास 2024 स्कीम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिन करदाताओं की अपील 22 जुलाई 2024 से लंबित हैं वे इस स्कीम का फायदा ले सकते हैं, इस स्कीम में ब्याज एवं पेनाल्टी पूर्ण रूप से माफ है। इसमें सर्च से संबंधित अपील शामिल नहीं किये गये हैं। इसे 31 दिसम्बर 2024 तक फार्म-1 फाइल कर आनलाइन जमा किया जा सकता है। यह फार्म प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।




# बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 नेशनल फाइनल में विजेता

हरिभूमि न्यूज ›› भिलाई

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से नेशनल रूरल आईटी क्विज का आयोजन 2 बैंगलुरु में किया गया, जिसमें देश के 10 राज्यों के क्षेत्रीय फाइनलिस्ट विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

- **टीसीएस रूलर आईटी क्विज में दिखाया दमखम**

आईटी क्विज में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए, भिलाई के बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर – 10 ने प्रतियोगिता में विजेता का ख़िताब हासिल कर 1 लाख रूपए की शिक्षा स्कॉलरशिप राशी जीता और शहर का नाम रौशन किया। 14 वर्षीय छात्र तनिष कुमार साहू को बेंगलुरु टेक समिट के दौरान आयोजित 25वें टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज के राष्ट्रीय चैंपियन बनकर उभरे हैं।कंप्यूटर साइंस के व्याख्याता श्री आशीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 9 वी के छात्र तनिष कुमार साहू विजेता बने। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर – 10 की प्रधानाचार्य सुमिता सरकार ने बताया, कि विद्यालय इस प्रतियोगिता में गत वर्ष भी विजेता बना था एवं इससे पूर्व भी एक बार विजेता एवं एक बार उपविजेता रहा चुका है। टीसीएस ने विजेता और उपविजेता छात्रों को क्रमशः 1,00,000 रुपये और 50,000 रुपये की शिक्षा छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। तनिष ने टीसीएस से 1,00,000 रुपये की शैक्षिक छात्रवृत्ति हासिल कर खिताब हासिल किया।




# वेतन विसंगति दूर कराने शिक्षकों ने किया पैदल मार्च

- **5 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया**

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

शिक्षकों ने वेतन विसंगति दूर करने सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को पैदल मार्च किया। नवा रायपुर के इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक सहायक शिक्षकों ने पैदल चलकर शासन का ध्यान अपने लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया, जिसमें शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष शामिल हुए। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों ने पैदल मार्च किया। मोदी की गारंटी अब तक लागू नहीं किए जाने से नाराज शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश में भाजपा के घोषणापत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने और क्रमोन्नत वेतनमान देने का वादा किया गया है, पर सरकार ने अब तक अपना वादा पूरा नहीं किया। इससे प्रदेशभर के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

- **इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल चले गुरुजी**




प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन कर शिक्षक अपनी लंबित मांगों से प्रदेश के मुखिया, शिक्षा सचिव और वित्त सचिव को अवगत करा रहे हैं।

### प्रमुख मांगें

- सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर सभी एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाए।
- पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 गुणांक पर वेतन निर्धारण करने की मांग।
- पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर करने, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए।
- डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान-वेतनमान का विभागीय आदेश जारी किया जाए।
- शिक्षक और कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 1 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जाए तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खातों में किया जाए।

# सरस्वती शिशु मंदिर में आवर्ती वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ›› बिरकोनी

पुरा नगरी सिरपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में आवर्ती वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से 44 आचार्य व दीदी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिलीप साहू (प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर गढ़सिवनी) ने किया। योजना के विषय अंतर्गत पालक संपर्क क्यों और कैसे विषय पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी। द्वितीय कालांश में सेवानिवृत्त प्राचार्य माली द्वारा दीदी को वर्ग एक से पांच तक के गणित विषय पर चर्चा की गई। इसी प्रकार बच्चों को सरल भाषा में पढ़ाने के बारे में बताया गया। टकेश साहू द्वारा गणित विषय को सरलता से हल करने के विधि बताया गया। गढ़सिवनी विद्यालय के आचार्य रणजीत यदु द्वारा रोकड़ा संधारण की जानकारी प्रदान की गई।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भावना बनीं सब इंस्पेक्टर



**सुहेला।** ग्राम नयापारा निवासी भावना वर्मा का पुलिस सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने पर ग्रामीणों द्वारा उनके घर पहुंचकर शुभकामनाएं दी। भावना के पिता उदय राम वर्मा बढ़ई कार्य करते हैं। माता गायत्री वर्मा हाउस वाइफ है। साथ ही आटा चक्की भी चलाती है। ग्रामीणों ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि गांव की पहली लड़की है जो पुलिस अधिकारी के पद पर चयनित हुई है। यह उपलब्धि सिर्फ भावना के परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा बन चुकी है।

### कमलेश बने साहू समाज के जिला संगठन मंत्री



**पलारी।** जिला साहू संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष सुनील साहू ने जिला कार्यकारणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों का नियुक्ति की हैं। इसमें पलारी के गुमा निवासी कमलेश साहू को संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति के बाद कमलेश ने जिला अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों को निर्वहन करुंगा और समाज सेवा को सर्वोपरि मानकर कार्य करूंगा। उनकी नियुक्ति पर विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक भाटपारा इंद्र साव, जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू, संरक्षक रेवाराम साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, महासचिव दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष राजाराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय साहू, मीडिया प्रभारी केशव साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक रवि साहू, अंकेक्षक भोलाराम साहू, महिला प्रकोष्ठ दिव्या साहू, बीरबल, महेश, कृपाराम, सती, कमला, शंकरलाल साहू, लवन तहसील अध्यक्ष सुशील साहू, बलौदा बाजार प्रेम नारायण साहू, पलारी रोहित साहू, सुरेंद्र साहू, विमल साहू सहित तहसील, परिक्षेत्र पदाधिकारियों एवं सामाजिक अधिकारी, कर्मचारियों ने हर्ष प्रकट किया है।

### दिवंगत शिक्षक के परिजन को पचरी के शिक्षकों ने दिए सहयोग राशि



**खरोरा।** विकासखण्ड तिल्दा-नेवरा अंतर्गत प्राथमिक शाला पचरी के प्रधान पाठक प्रेमप्रकाश डहरिया का विगत दिनों निधन हो गया। जिस पर संकुल पचरी के शिक्षकों द्वारा उनके परिजनों से सौजन्य मुलाकात कर स्वैच्छिक रूप से 16 हजार रूपये की सहयोग राशि प्रदान की। शिक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने उनके बच्चों से शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी लेते हुए उन्हें अनुकम्पा नियुक्ति व अन्य शासकीय नियमानुसार मिलने वाली विभिन्न लाभों के बारे में संकुल की ओर से हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय में संविधान दिवस में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

# भारत का संविधान हमारे देश की सोच को दर्शाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा







75वें संविधान दिवस पर भाटापारा गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। सभा में शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाटापारा विधि महाविद्यालय प्रदेश का पहला विधि महाविद्यालय है। ये शिक्षा के क्षेत्र में एक

उन्होंने कहा कि- हमारा संविधान ने हमें स्वतंत्र एवं सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिया है। अपने विचारों एवं भावनाओं को बिना किसी बाधा के अभिव्यक्त करने की शक्ति दी है। हम किसी भी धर्म, संप्रदाय, जाति के हो, सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश की सोच को दर्शाता है। मुझे अपने देश और देश के संविधान पर गर्व है। आज का यह दिन संविधान निर्माताओं को याद करने का दिवस है। उनके समर्पण और सूझ-बूझ को याद करने का दिवस है। यही संविधान आज नए भारत की नींव है। भारत की कानून व्यवस्था पूरे समाज को सुरक्षा, सशक्त और संबल प्रदान करती है, इसका हमें ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे उत्साह से संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान के सभी शिल्पियों के योगदान को चिरस्मरणीय बनाने के लिए मोदीजी ने 'संविधान दिवस' मनाने की शुरुआत की।

हमारा विश्वास है कि संविधान सिर्फ मंचों पर दिखाने की एक पुस्तक नहीं, बल्कि पूर्ण श्रद्धा से आत्मसात कर सार्वजनिक जीवन में अपना सर्वोच्च योगदान देने की कुंजी है। आइए! इस संविधान दिवस पर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लें। उक्त कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष पवन वर्मा, सुरेश यदु, अनिल मिश्रा, रवि वर्मा, अभिनव मिश्रा मुकेश चतुर्वेदी, अभिषेक मिश्रा, धनराज वर्मा, विधि महाविद्यालय प्राचार्य रीता दीवान, महाविद्यालय स्टाफ,सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## संविधान दिवस की ली शपथ





**खरोरा।** संविधान दिवस पर पीएम बीडी सेजेस खरोरा में प्राचार्य रजनी मिंज एवं हरीश देवांगन के मार्गदर्शन में 'संविधान दिवस' मनाया गया। संविधान के संबंध जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। उन्होंने संविधान का देश में महत्व बताते हुए उनकी गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिज्ञा भी कराई। तत्पश्चात शाला की छात्राओं द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने संविधान के अंतर्गत आने वाले मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया, जिसमें अनन्या देवांगन, हिमांशी वर्मा, कृतिका टंडन एवं काजल टंडन ने भाग लिया। साथ ही कुछ छात्र–छात्राओं द्वारा संविधान के ऊपर पोस्टर प्रस्तुत किया गया, जिसमें मयंक देवांगन, खुशी साहू एवं नैना वर्मा शामिल हैं।

## कुर्रा में संविधान दिवस मनाया गया





**बंगोली।** ग्राम पंचायत कुर्रा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अमृत सरोवर स्थल तालाब में भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तैल्य चित्र पर गुलाल लगाकर पूजा अर्चना की गई। आयोजन के दौरान ग्राम के अमृत सरोवर तालाब सहित चौक–चौराहों, गली मुहल्ले की गंदगी, कचरा साफ किया गया। वहीं स्कूल के बच्चों द्वारा संविधान दिवस की बैनर लगाकर नारा लगाते हुए गली भ्रमण कर लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर रविशंकर वर्मा सरपंच, सचिव मिथिलेश गिरी, अम्बुज ग्रोवर, सीतेश्वरी चौहान, अनिल नायक, पितांबर वर्मा, नारायण वर्मा, दिनेश धीवर, चंपा वर्मा, पुरुषोत्तम यादव, नीरज धीवर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## संविधान का पालन करने विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



**हिरमी-रावन।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी व शासकीय स्कूलों, सरकारी संस्थाओं में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर संविधान के प्रस्तावना का पठन किया गया। सरकारी संस्थाओं में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी व कर्मचारियों ने भी संविधान के नियमों का पालन करने की शपथ ली। ज्ञानोदय स्कूल में संविधान दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य पी आर वर्मा ने विद्यालय परिसर में सभी विद्यार्थियों को संविधान के पालन की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक और स्टाफ ने भी संविधान की शपथ ली। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते संविधान की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य देश के युवाओं के बीच में संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना व जागरूकता फैलाना है। भारत का संविधान देश के हर नागरिक को आजाद भारत में रहने का समान अधिकार देता है। शासकीय हायर सेकंडरी एवं पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला में भी संविधान दिवस मनाया गया।

## पौंसरी में मनाई गई संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ





**सिमगा।** परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भारतीय संविधान की 75 वीं वर्षगांठ पर विकासखंड सिमगा के प्राथमिक शाला पौंसरी में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान शाला के प्रधानपाठक पुष्पलता नायक एवं शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा शाला के बच्चों को भारतीय संविधान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अपने सभी नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को रेखांकित करते हुए एक संप्रभुता और लोकतांत्रिक देश के रूप में स्थापित करता है तथा उनके लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित करता है। शिक्षिका के द्वारा बच्चों द्वारा चित्रकला व पोस्टर निर्माण कराया गया, साथ ही बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी कराया गया।

## संविधान का प्रत्येक अनुच्छेद में हैं हर नागरिक के अधिकारों की गारंटी



**भटगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस भटगांव में संविधान दिवस पर सभी स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों ने संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश रघु, सभी स्कूली बच्चों व शिक्षकों के साथ संविधान की उद्देशिका का पाठ और वाचन किया गया। श्री रघु ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान ही नहीं, विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास का अद्वितीय दस्तावेज है। हमारे संविधान का प्रत्येक अनुच्छेद हर नागरिक के अधिकारों की गारंटी है और कर्त्तव्य का पवित्र स्मरण है। संविधान में निहित भावना को अंगीकार करके ही हम लोगों का कल्याण कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर धिवर, लक्ष्मण नामदेव, शिक्षिका गिरिजा केशरवानी, ज्योति नारंग, दीपमाला तिग्गा, सेवंती पटनायक, सरिता चौहान, शशिकला बघेल, गंगा साहू, रेवती कंवर,अजय नारंग, गेंद राम जायसवाल, राकेश कुमार यादव, विजय कुमार खरे, देवराम निराला, सुरेश पटेल, खगेस्वर प्रसाद साहू, प्रधान पाठक तेज प्रकाश भारद्वाज, खगेश कुमार दुबे, कौशल कुमार भेड़िया एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

## भारतीय संविधान है देश की नींव



**बलौदाबाजार।** संविधान दिवस पर जिले में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के आदेशानुसार और जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई ने इस दिन को विशेष रूप से मनाया। जागरूकता कार्यक्रम सिमगा विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में आयोजित किए गए, जहां छात्रों और शिक्षकों को भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में भी संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भारतीय संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। बाबा साहब ने भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए संविधान में कई महत्वपूर्ण प्रावधानों का समावेश किया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान को तैयार करने में कुल दो साल, ग्यारह महीने और अठारह दिन का समय लगा था और यह संविधान आज भी हमारे देश की नींव है। सिमगा विकासखण्ड के ग्रामों चौरेंगा, विश्रामपुर, दामाखेड़ा, तुलसी एवं दरथुरा में स्थित शासकीय माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बच्चों ने संविधान के महत्व को समझने के बाद बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर संविधान के प्रति अपने समर्पण और इसके आदर्शों को बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह और बाल अधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और कानूनों के तहत उनकी सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया ताकि वे समाज में सुरक्षित रह सकें।





## बाबा साहब के बनाए संविधान में सभी को समान अधिकार

**पलारी।** मंगलवार को संविधान दिवस पर पलारी सहित अंचल में डा. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। नगर पलारी में नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा नेतृत्व में पार्षद व नपं के अधिकारी कर्मचारियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक में उनके प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर तथा पूजा अर्चना कर भारत के उद्देशिका को पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष यशवर्धन ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान के प्रमुख निर्माता थे। बाबा साहेब ने भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सामान अधिकार सुनिश्चित करने कई महत्त्वपूर्ण प्रावधानों को समावेश किया। इस अवसर पर पार्षद ताजेन्द्र कनौजे, सुभाष वर्मा, रवि ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि भुषण ठेठवार, अभियंता अनिल वर्मा, अकाउंटेंट भोज साहू, सफाई दारोगा महेन्द्र वर्मा, मेंउक धीवर सहित नगर पंचायत के कर्मचारी गण, महिला सफाई कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रस्तावना का वाचन कर मनाया संविधान दिवस



**बलौदाबाजार।** जिले के समस्त शासकीय कार्यालय तथा ग्राम पंचायतों में मंगलवार को संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर संविधान दिवस मनाया गया है। इसी के तहत संयुक्त जिला कार्यालय में भी समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर संविधान दिवस मनाया गया। प्रस्तावना का वाचन कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने भारत रत्न डॉ.बी.आर. अम्बेडकर को याद करते हुए उनके संविधान निर्माण में उनके योगदान एवं भूमिका से समस्त लोगों को अवगत कराया गया। इसी संविधान के अनुरूप ही आज देश एक महान लोकतांत्रिक देशों में शामिल हैं। अतः हम सभी का कर्तव्य है की हम इस संविधान की रक्षा तथा अपने अपने कर्तव्यो का पालन संविधान के अनुसार निश्चित रूप से करतें रहें। वाचन के दौरान समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## परख मॉक टेस्ट से अभ्यास स्कूल के बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास

# बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की तैयारी सिखाने की दिशा में एक प्रयास है मॉक टेस्टः डेमेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



परख परीक्षा के लिए शहर के शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला के 20 बच्चों ने मॉक टेस्ट दिया। आगामी 4 दिसंबर को राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के तहत यह परीक्षा आयोजित है। प्राइमरी स्तर में कक्षा तीसरी के बच्चों को मॉक टेस्ट के जरिए ओएमआर शीट भरने का अभ्यास कराया गया। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बताया कि यह मॉक टेस्ट बच्चों की प्रगति का आकलन करने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए तैयार करने की दिशा में एक प्रयास है। उनका कहना है कि मॉक टेस्ट के पीछे विभाग का उद्देश्य है कि बच्चे परख परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ हिस्सा लें। दो चरणों की मॉक टेस्ट में ओएमआर शीट पर उत्तर अंकित करने का अभ्यास कराया गया है। यह बच्चों में परीक्षा की चिंता को कम करेगा और उनकी क्षमता को निखारने में मदद करेगा। मालूम हो कि परीक्षा की तैयारी के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की विशेष कार्ययोजना के तहत बच्चों को हर सप्ताह अभ्यास कराने और उनकी कमियों को दूर करने पर जोर दिया गया। गणित, भाषा, और पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। शिक्षकों ने यह सुनिश्चित किया कि हर बच्चा परीक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझ सके और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दे सके।

यहां यह बताना जरूरी होगा कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के तहत देशभर के 75,565 स्कूलों से तीसरी, छठवी और नवमी कक्षा के लगभग 22 लाख से ज्यादा विद्यार्थी इस परीक्षा में हिस्सा लेंगे। यह परीक्षा शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की दक्षता का समग्र आकलन करने का एक राष्ट्रीय प्रयास है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511